This Question Paper consists of **NEW SYLLABUS 34** questions and **OLD SYLLABUS 38** questions and total **23** printed pages.

इस प्रश्न-पत्र में **नया पाठ्यक्रम 34** प्रश्न तथा **पुराना पाठ्यक्रम 38** प्रश्न तथा कुल **23** मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

1112124

**Code No.** **68/MAY/3**
**कोड नं.**

**Set / सेट** **C**

# HINDI

# हिन्दी

# (301)

**Day and Date of Examination**
**(परीक्षा का दिन व दिनांक)** ____________________

**Signature of Invigilators**
**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)**

1. ____________________

2. ____________________

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

***सामान्य अनुदेश :***

**1.** परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2.** कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3.** उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

**4.** अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं. **68/MAY/3, सेट** C लिखें।

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Paper Booklet contains two Question Papers – one based on revised study material marked as **NEW SYLLABUS** and the other based on pre-revised study material marked as **OLD SYLLABUS**.

2. **NEW SYLLABUS** is for those candidates who have registered for 2023-2024 (Stream–I, Block–I) admission and are appearing in October/November-2024 Examinations.

3. **OLD SYLLABUS** is for those candidates who had registered before 2023-2024 (Stream–I, Block–I) admission.

4. Candidates are to answer only one Question Paper from the given two Question Papers.

5. Candidates are not allowed to mix questions from the given two Question Papers.

## महत्त्वपूर्ण निर्देश

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

1. इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका में दो प्रश्न-पत्र हैं – एक संशोधित अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर **नया पाठ्यक्रम** अंकित है तथा दूसरा संशोधन से पूर्व अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर **पुराना पाठ्यक्रम** अंकित है।

2. **नया पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए है जिनका नामांकन 2023-2024 (स्ट्रीम–I, ब्लॉक–I) में हुआ है तथा जो अक्टूबर/नवम्बर 2024 परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।

3. **पुराना पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए है जिनका नामांकन 2023-2024 (स्ट्रीम–I, ब्लॉक–I) के पहले हुआ है।

4. परीक्षार्थी दिए गए दो प्रश्न-पत्रों में से केवल एक प्रश्न-पत्र से ही उत्तर लिखें।

5. परीक्षार्थी को दो प्रश्न-पत्रों के प्रश्नों को मिलाकर उत्तर देने की अनुमति नहीं है।

**NEW SYLLABUS / नया पाठ्यक्रम**

# HINDI

# हिन्दी

# (301)

*समय : 3 घण्टे]* *[अधिकतम अंक : 100*

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **34** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(v) प्रश्न संख्या **21** से **25** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें **3** अंक के दो प्रश्न, **7** अंक के दो प्रश्न तथा **10** अंक का एक प्रश्न है। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या **26** से **34** तक वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। लघु उत्तरीय प्रश्न-**1** के अंतर्गत **4** अंक के दो तथा लघु उत्तरीय प्रश्न-**2** के अंतर्गत **5** अंक के दो प्रश्न हैं। दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**1** के अंतर्गत **6** अंक के चार तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**2** के अंतर्गत **8** अंक का एक प्रश्न है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

*सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :* *1×20=20*

**1.** 'चीफ़ की दावत' कहानी में अभिव्यक्त है :

(क) रूढ़िवादी मानसिकता (ख) पराधीन मानसिकता

(ग) पारिवारिक मूल्य (घ) शहरों की ओर पलायन

**2.** 'शिवालिक' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) शिव का तीसरा नेत्र (ख) शिव का नीला कंठ

(ग) शिव की दृढ़ता (घ) शिव की केशराशि

**3.** हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार दुनिया कुटज का मोल क्यों नहीं आँक सकी ?

(क) स्वार्थपरता के कारण (ख) फल नहीं देने के कारण

(ग) पहाड़ों पर होने के कारण (घ) किसी के काम नहीं आने के कारण

**4.** 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी को कहा जा सकता है :

(क) सामाजिक (ख) पारिवारिक

(ग) राजनैतिक (घ) ऐतिहासिक

**5.** 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में उमा गाना गाते-गाते अचानक क्यों रुक जाती है ?

(क) गाना भूल जाने के कारण (ख) सितार का तार टूटने के कारण

(ग) शंकर को पहचानने के कारण (घ) पिता के मना करने के कारण

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

**6.** 'अंडमान डायरी' पाठ के आधार पर बताइए कि अंडमान द्वीपों की तुलना किनसे की गई है।

(क) कछुओं से (ख) मगरमच्छों से

(ग) नावों से (घ) पहाड़ों से

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प संचार का ***नहीं*** है ?

(क) ईमेल (ख) चैटिंग

(ग) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (घ) ई-लर्निंग

**8.** संविधान के अनुच्छेदों की भाषा ____________ है।

(क) विधि संबंधी भाषा (ख) कार्यालयी भाषा

(ग) लोक व्यवहार की भाषा (घ) वैज्ञानिक भाषा

9. प्रायः टिप्पण की 'नोटशीट' का रंग होता है :

(क) सफेद (ख) हरा

(ग) नीला (घ) पीला

10. 'पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े' – पंक्ति के संदर्भ में लिखिए कि किसका शरीर पुलकित हो गया ?

(क) राम का (ख) भरत का

(ग) वशिष्ठ का (घ) लक्ष्मण का

#7358124

11. 'सुनि मुनि बचन' – पंक्ति में किस मुनि की बात हो रही है ?

(क) विश्वामित्र (ख) वशिष्ठ

(ग) याज्ञवल्क्य (घ) दुर्वासा

12. 'जारिउँ जायँ जननि कहि काकू' – पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(क) यमक (ख) श्लेष

(ग) पुनरुक्ति प्रकाश (घ) अनुप्रास

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279
#7358124

13. 'कहलाने एकत बसत' दोहे में किस ऋतु की प्रचंडता है ?

(क) ग्रीष्म (ख) शरद

(ग) वसंत (घ) वर्षा

14. 'है रुकी जहाँ भी धार, शिलाएँ तोड़ो' पंक्ति में 'शिलाएँ' प्रतीक हैं :

(क) चट्टानों की (ख) पत्थरों की

(ग) परंपराओं की (घ) बाधाओं की

15. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' कविता का कवि अपने आपको किन बंधनों से मुक्त नहीं कर पा रहा है ?

(क) सुख के (ख) दुख के

(ग) यादों के (घ) अतीत के

#7358124

16. 'भेड़िया' कविता की पंक्ति 'तुम मशाल जलाओ' में 'तुम' किस वर्ग का प्रतीक है ?

(क) किसान (ख) अमीर

(ग) मध्यवर्ग (घ) शोषित

17. 'संयुक्त परिवार' कविता के कवि के पश्चाताप का क्या कारण है ?

(क) अतिथि का लौट जाना
(ख) घर में ताला लगा होना
(ग) संयुक्त परिवार की याद
(घ) ताले में खुँसी पर्ची

18. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में 'पीढ़ियाँ' दर्शाती है :

(क) ग्रामीण और शहरी संस्कृति को
(ख) आधुनिक और पारंपरिक संस्कृति को
(ग) पाश्चात्य और पूर्वी संस्कृति को
(घ) उम्र और अनुभव के भेद को

19. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में एक दूसरे को गिट्टियाँ मारने का क्या अभिप्राय है ?

(क) पत्थर मारना
(ख) प्रशंसा करना
(ग) वाद-विवाद करना
(घ) संघर्ष करना

20. 'चीफ़ की दावत' कहानी की कथावस्तु के क्रम के बारे में सही विकल्प है :

A. पार्टी का आयोजन
B. मेहमान के आगमन की तैयारी
C. माँ का तिरस्कार और पीड़ा
D. बच्चे के लिए माँ का सब सहन करना

विकल्प :

(क) A, C, B, D
(ख) B, A, C, D
(ग) C, A, B, D
(घ) A, B, C, D

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

21. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए : *1×3=3*

(क) 'अंडमान डायरी' के आधार पर लिखिए कि गोरे शासक हमारे पूर्वजों को सजा के लिए कहाँ भेजते थे।

(ख) 'चीफ़ की दावत' कहानी में शामनाथ किस वर्ग का प्रतिनिधित्व कर रहा है ?

(ग) 'बतरस लालच...' दोहे में किस रस की प्रधानता है ?

22. निम्नलिखित कथनों में से सही/ग़लत वाक्य चुनकर लिखिए : *1×3=3*

(क) मेल मर्ज की मदद से एक पत्र (Letter) को आसानी से कई नामों से बनाया जा सकता है।

(ख) लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना जनसंचार माध्यमों का दायित्व है।

(ग) भाषा में भेद विषयगत और प्रयोगगत होता है।

**23.** दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : 1×7=7

नारी के हृदय में जो गंभीरता ममता-सजल वीर-भाव उत्पन्न होता है वह पुरुष के उग्र शौर्य से अधिक उदात्त और दिव्य रहता है। पुरुष अपने व्यक्तिगत या समूहगत रागद्वेष के लिए भी वीर धर्म अपना सकता है और अहंकार की तृप्ति-मात्र के लिए भी। पर नारी अपने सृजन की बाधाएँ दूर करने के लिए या अपनी कल्याणी सृष्टि की रक्षा के लिए ही रुद्र बनती है। अतः उसकी वीरता के समकक्ष रखने योग्य प्रेरणाएँ संसार के कोश में कम हैं। मातृशक्ति का दिव्य रक्षक उद्धारक रूप होने के कारण ही भीमाकृति चंडी, वत्सला अम्बा भी है। जो हिंसात्मक पाशविक शक्तियों को चरणों के नीचे दबाकर अपनी सृष्टि के मंगल की साधना करती है।

#7358124

(i) गद्यांश के रचयिता/रचयित्री का नाम है :

(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ख) राजेन्द्र यादव

(ग) सुभद्रा कुमारी चौहान (घ) महादेवी वर्मा

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279
#7358124

(ii) गद्यांश के पाठ का नाम है :

(क) जिजीविषा की विजय (ख) कुटज

(ग) सुभद्रा कुमारी चौहान (घ) दो कलाकार

(iii) पुरुष वीर धर्म अपनाता है :

(क) व्यक्तिगत रागद्वेष के कारण

(ख) समूहगत रागद्वेष के कारण

(ग) अपने अहंकार के कारण

(घ) उपर्युक्त सभी कारणों से

#7358124

(iv) नारी की वीरता के समकक्ष रखने योग्य प्रेरणाएँ कम होने का कारण है, उसके भीतर :

(क) सृष्टि के कल्याण की भावना

(ख) निजी स्वार्थ पूर्ति की भावना

(ग) हिंसक शक्तियों का अंत करने की भावना

(घ) सृष्टि के नव-निर्माण की भावना

(v) 'उत्स' शब्द का अर्थ नहीं है :

(क) मूल

(ख) उद्‌गम स्थल

(ग) स्रोत

(घ) बहाव

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

(vi) चंडी को 'वत्सला अम्बा' रूप में भी पूजा जाता है :

(क) मातृशक्ति के दिव्य उद्धारक रूप के कारण

(ख) दैवीय शक्ति से परिपूर्ण होने के कारण

(ग) लोगों की मनोकामना पूरी करने के कारण

(घ) माँ जगदम्बा का प्रतिरूप होने के कारण

(vii) 'नारी अपनी सृजन की बाधाएँ दूर करने के लिए रुद्र बनती है।' – पंक्ति का आशय है कि नारी भयानक बन जाती है :

(क) अपनी संतान की रक्षा के लिए

(ख) अपने घर की रक्षा के लिए

(ग) अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए

(घ) अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए

**24.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : *1×7=7*

सोभित कर नवनीत लिए।
घुटुरुनि चलत रेनु तन-मंडित, मुख दधि लेप किये।
चारु कपोल, लोल लोचन, गोरोचन-तिलक दिये।
लट-लटकनि मनु मत्त मधुप-गन मादक मधुहिं पिए॥
कठुला-कंठ वज्र केहरि-नख राजत रुचिर हिए।
धन्य सूर एकौ पल इहिं सुख, का सत कल्प जिए॥

#7358124

(i) श्रीकृष्ण ने अपने हाथ में क्या पकड़ा हुआ है ?

(क) गेंद (ख) दही
(ग) मक्खन (घ) गोरोचन

(ii) श्रीकृष्ण का शरीर किसमें लिपटा है ?

(क) दही में (ख) धूल में
(ग) गोरोचन में (घ) मक्खन में

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279
#7358124

(iii) श्रीकृष्ण के मुख पर लटकती लटों को देखकर कवि ने क्या कल्पना की है ?

(क) भँवरे उनके मुख रूपी कमल का मधुपान कर रहे हैं।
(ख) भँवरे उनके मुख रूपी कमल पर गुँजार कर रहे हैं।
(ग) घुँघराले बालों की लटें उनके मुख कमल पर झूल रही हैं।
(घ) घुँघराले बालों की लटें उनके मुख कमल का पान कर रही हैं।

(iv) सूरदास के अनुसार जीवन की सार्थकता किसमें है ?

(क) श्रीकृष्ण के चरणों की सेवा करने में
(ख) दिन-रात श्रीकृष्ण का नाम स्मरण करने में
(ग) श्रीकृष्ण के बाल रूप का दर्शन करने में
(घ) श्रीकृष्ण की लीलाओं का गान करने में

#7358124

(v) 'रुचिर' शब्द का अर्थ नहीं है :

(क) रोचक (ख) सुंदर
(ग) रम्य (घ) मनोहर

(vi) प्रस्तुत पद की भाषा है :

(क) अवधी (ख) मैथिली

(ग) खड़ी बोली (घ) ब्रज

(vii) 'मत्त मधुप' में कौन-सा अलंकार है ?

(क) अनुप्रास (ख) यमक

(ग) रूपक (घ) श्लेष

**25.** व्याकरण संबंधी निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए : *1×10=10*

(i) निरामिष, कीर्ति (विलोम शब्द लिखिए)

(ii) विनिर्माण, पुष्पित (उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए)

(iii) 2 अक्टूबर सन् 1869 ई. को गाँधीजी का जन्म हुआ (विराम-चिह्न लगाकर वाक्य पुनः लिखिए)

(iv) वह दूसरे के द्वार में नहीं जाता भीख माँगने। (वाक्य शुद्ध कीजिए)

(v) क्रपण, व्यावहार (शुद्ध कीजिए)

(vi) मैंने उसे पढ़ाकर नौकरी दिलवाई। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(vii) कवि ने कविता पाठ किया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(viii) देव + ईश, निर्धन (संधि/संधि-विच्छेद कीजिए)

(ix) पीतांबर (विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए)

(x) दाँत निपोरना (मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए)

**26.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *4*

(क) कठोर पाषाण को भेदकर, पाताल की छाती चीरकर, अपना भोग्य संग्रह करो, वायुमंडल को चूसकर, झंझा-तूफ़ान को रगड़कर, अपना प्राप्य वसूल करो, आकाश को चूमकर, अवकाश की लहरों में झूमकर उल्लास खींच लो। कुटज का यही उपदेश है। ....दुरंत जीवन-शक्ति है ! कठिन उपदेश है ! जीना भी एक कला है। लेकिन कला ही नहीं, तपस्या है।

**अथवा**

(ख) मिस्टर शामनाथ ने इंतज़ाम तो कर दिया, फिर भी उनकी उधेड़-बुन खत्म नहीं हुई। जो चीफ़ अचानक उधर आ निकला तो ? आठ-दस मेहमान होंगे, देसी अफ़सर, उनकी स्त्रियाँ होंगी, कोई भी गुसलख़ाने की तरफ़ आ सकता है। क्षोभ और क्रोध में वह झुँझलाने लगे। एक कुर्सी को उठाकर बरामदे में कोठरी के बाहर रखते हुए बोले – आओ माँ, इस पर ज़रा बैठो तो।

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

**27.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर **50 – 60** शब्दों में लिखिए : *3+3=6*

(क) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(ख) 'अंडमान डायरी' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि अंग्रेज़ों को लेखक ने 'उदार' और 'धर्मभीरु' क्यों कहा है।

(ग) "...आपके लाडले बेटे की रीढ़ की हड्डी है भी या नहीं..." 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में यह कथन किसके द्वारा और क्यों कहा गया ?

**28.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1×5=5*

घरों की छतों पर चीं-चीं करने वाली गौरैया की संख्या लगातार कम होती जा रही है। इस पक्षी के संरक्षण के लिए हर वर्ष 20 मार्च को विश्व स्तर पर 'गौरैया दिवस' मनाया जाता है। गौरैया एक सामाजिक चिड़िया है, जो झुंड में रहना पसंद करती है और हमेशा इंसान के आस-पास ही रहती है, जिससे वह अपने को सुरक्षित रख सके। कच्चे मकान गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल रहते थे। अधिक तापमान में गौरैया के लिए रहना बड़ा मुश्किल होता है। पहले घरों के आस-पास काफी पेड़-पौधे होते थे जिसके कारण गौरैया को भोजन के लिए कीड़े भी मिल जाते थे। वयस्क गौरैया घास के बीज, घर का बचा-खुचा खाकर गुजारा कर लेती थी, परंतु अपने बच्चों के लिए उसे नरम चारे की ही जरूरत होती है। कीटनाशकों के अधिक प्रयोग के कारण गौरैया के आहार भी जहरीले हो चले हैं और रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से कीड़े-मकोड़े भी विलुप्त हो चुके हैं, जिससे गौरैया के भोजन का संकट खड़ा हो चुका है। गौरैया मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है। वह घर के आस-पास हानिकारक कीड़ों, मच्छरों के लार्वा खाकर हमें विभिन्न बीमारियों से बचाती है। वह फसलों, फूलों पर भोजन की तलाश में फुदकती रहती है, जिससे स्वतः परागण हो जाता है और अच्छी फसल की कारक बन जाती है।

(क) विश्व गौरैया दिवस कब और क्यों मनाया जाता है ?

(ख) कच्चे मकान गौरैया के रहने के अनुकूल क्यों हैं ?

(ग) गौरैया घरों के आस-पास क्यों रहती है ?

(घ) गौरैया मानव जाति के लिए क्यों जरूरी है ?

(ङ) गौरैया के संरक्षण में अपनी भूमिका स्पष्ट कीजिए।

**29.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *4*

(क) मैं जानउँ निज नाथ सुभाऊ। अपराधिहु पर कोह न काऊ।
मो पर कृपा सनेहु बिसेषी। खेलत खुनिस न कबहूँ देखी॥
सिसुपन तें परिहरेउँ न संगू। कबहुँ न कीन्ह मोर मन भंगू।
मैं प्रभु कृपा रीति जियँ जोही। हारेहुँ खेल जितावहिं मोही॥

**अथवा**

UNNATI EDUCATIONS 9899436384 9654279279

(ख) करोड़ों हाथों में मशाल लेकर
एक-एक झाड़ी की ओर बढ़ो
सब भेड़िये भागेंगे।
फिर उन्हें जंगल के बाहर निकाल
बर्फ़ में छोड़ दो
भूखे भेड़िये आपस में गुर्राएँगे
एक-दूसरे को चीथ खाएँगे।
भेड़िये मर चुके होंगे
और तुम ?

30. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर **50 – 60** शब्दों में लिखिए : *3+3=6*

(क) 'संयुक्त परिवार' कविता से उद्धृत पंक्ति 'अब सिर्फ एलबम में रहते हैं सब लोग' का क्या आशय है ? स्पष्ट कीजिए। क्या आप कवि के इस कथन से सहमत हैं ?

(ख) 'नक्शे' कविता का कवि यह क्यों कहता है कि 'नक्शों से फौरन बाहर निकल आइए' ?

(ग) 'परशुराम के उपदेश' कविता के संदर्भ में मानव जीवन के लिए स्वतंत्रता का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

31. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1×5=5*

कुछ भी बन बस कायर मत बन
ठोकर मार, पटक मत माथा तेरी राह रोकते पाहन।
कुछ भी बन बस कायर मत बन
युद्धं देहि कहे जब पामर,
दे न दुहाई पीठ फेर कर
या तो जीत प्रीति के बल पर
या तेरा पथ चूमे तस्कर
प्रतिहिंसा भी दुर्बलता है
पर कायरता अधिक अपावन
कुछ भी बन बस कायर मत बन।
ले-दे कर जीना क्या जीना
कब तक गम के आँसू पीना
मानवता ने सींचा तुझ को
बहा युगों तक खून-पसीना
कुछ न करेगा किया करेगा
रे मनुष्य बस कातर क्रंदन
कुछ भी बन बस कायर मत बन।

(क) 'ठोकर मार, पटक मत माथा तेरी राह रोकते पाहन' – पंक्ति का क्या आशय है ?

(ख) शत्रु के द्वारा युद्ध की ललकार दिए जाने पर मानव का क्या कर्तव्य है ?

(ग) प्रतिहिंसा को दुर्बलता क्यों कहा गया है ?

(घ) कायरता को अपावन क्यों कहा गया है ?

(ङ) आपकी दृष्टि में कवि मनुष्य को कायर न बनने का संदेश क्यों दे रहा है ?

**32.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **50 – 60** शब्दों में दीजिए : *3+3=6*

(क) साहित्यिक हिंदी के स्वरूप की व्याख्या कीजिए।

(ख) मुद्रित माध्यमों और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों में से कौन-सा अधिक अच्छा है और क्यों ?

**33.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **50 – 60** शब्दों में दीजिए : *3+3=6*

(क) क.ख.ग. नगर में वृक्षारोपण योजनाओं के संपादन में देरी होने का कारण स्पष्ट करते हुए मुख्य अभियंता राज्य पर्यावरण मंत्रालय को एक परिपत्र लिखिए।

(ख) आपने अपना निवास दूसरे ब्लॉक में बदल लिया है। नए पते पर गैस कनेक्शन बदलवाने हेतु गैस एजेंसी के प्रबंधक को आवेदन पत्र लिखिए।

**34.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **80 – 100** शब्दों में दीजिए : *4+4=8*

(क) फेसबुक के महत्व पर टिप्पणी लिखिए।

(ख) वर्ड प्रोसेसर क्या है ? इसकी तीन विशेषताएँ लिखिए।

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279
#73558124
#73558124
#73558124

**OLD SYLLABUS / पुराना पाठ्यक्रम**

# HINDI

# हिन्दी

# (301)

*[अधिकतम अंक : 100*

*समय : 3 घण्टे]*

---

***निर्देश :***

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **38** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **17** तक तथा **32** से **34** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(v) प्रश्न संख्या **18** से **21** तथा **35** एवं **36** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा जिनमें **3** अंक के तीन प्रश्न, **5** अंक का एक प्रश्न, **6** अंक का एक प्रश्न तथा **10** अंक का एक प्रश्न है। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या **22** से **31** तक तथा **37** एवं **38** विषयनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं जिसके अंतर्गत लघु उत्तरीय प्रश्न-1 के अंतर्गत **2** अंक का एक प्रश्न, **3** अंक के तीन प्रश्न तथा **4** अंक के पाँच प्रश्न हैं। दीर्घ उत्तरीय प्रश्न के अंतर्गत **5** अंक का एक प्रश्न, **6** अंक का एक प्रश्न तथा **8** अंक का एक प्रश्न शामिल है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

## भाग – 1

## (केंद्रिक)

*सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :* *1×17=17*

**1.** तुलसी ने ''अपराधिहु पर कोह न काऊ'' – पंक्ति से राम के कैसे स्वभाव की ओर संकेत किया है ?

(क) सदा प्रसन्न (ख) मनोरंजक

(ग) अपराधी पर भी क्रोध न करने वाला (घ) अपराधी को दंड देने वाला

**2.** भरत के मन में पश्चाताप क्यों है ?

(क) राम के अयोध्या न लौटने के कारण

(ख) कैकेयी के प्रति कहे वचनों के कारण

(ग) सीता और राम का संग न होने के कारण

(घ) राम के वनवास के कारण

**3.** ''टूटे मुक्ताहार'' – पंक्ति में मोती किसका प्रतीक है ?

(क) मोती (ख) सुंदर वस्तु

(ग) श्रेष्ठ व्यक्ति (घ) संन्यासी

**4.** 'मान सहित मरिबो भलो' पंक्ति में रहीम ने महत्त्व बताया है :

(क) परोपकार का (ख) स्वाभिमान का

(ग) आत्मा का (घ) घमंड का

**5.** ''उमड़ी कल थी मिट आज चली'' – पंक्ति में महादेवी वर्मा ने मानव जीवन की ________ व्यक्त की है।

(क) चिरव्यापकता (ख) क्षणभंगुरता

(ग) सुंदरता (घ) मानवता

**6.** महादेवी वर्मा ने 'नीर भरी दुख की बदली' कविता में जीवन की तुलना की है :

(क) वर्षा से (ख) गर्मी से

(ग) शीत से (घ) बदली से

#7358124
#7358124
#7358124
UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

7. 'तुमहूँ लागी जगत-गुरु जगन्नाथ जगवाय' – बिहारी की इस पंक्ति में कौन-सा भाव है ?

(क) प्रसन्नता (ख) नाराजगी

(ग) क्रोध (घ) उलाहना

8. 'अनपढ़ बनाए रखने की साजिश' पाठ में चर्चा की गई है :

(क) लोगों को शिक्षा से वंचित रखना

(ख) लोगों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न करना

(ग) मानव के विकास में शिक्षा का योगदान

(घ) पत्र-पत्रिकाओं में संपादकीय लिखना

9. हिंदी कविता की विकास-यात्रा में ________ के बाद हिंदी में ग़ज़ल करने वाले कवियों की संख्या बढ़ी।

(क) जानकी वल्लभ शास्त्री (ख) निराला

(ग) भारतेंदु (घ) दुष्यंत कुमार

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

10. आदिकालीन काव्य लेखकों में नाम नहीं है :

(क) खुसरो का (ख) सुमित्रानंदन पंत का

(ग) चंदवरदाई का (घ) गोरखनाथ का

11. राम भक्ति काव्यधारा की विशेषता नहीं है :

(क) राम को विष्णु का अवतार मानना (ख) राम के मर्यादापूर्ण स्वरूप का चित्रण

(ग) मुख्यत: अवधी में रचित काव्य (घ) कृष्ण की लीलाओं का वर्णन

12. निम्नलिखित में से रीतिबद्ध काव्यधारा के कवि नहीं हैं :

(क) केशवदास (ख) पद्माकर

(ग) चिंतामणि (घ) भारतेंदु

13. निम्नलिखित में संपादकीय से किसका संबंध नहीं है ?

(क) विषय-वस्तु (ख) दृष्टिकोण की स्पष्टता

(ग) उद्देश्यहीनता (घ) भाषाशैली

14. दलीप नगर के राजा नायक सिंह में नहीं है :

(क) विलासिता (ख) असंयम

(ग) क्रोध (घ) विवेक

15. 'विराटा की पद्मिनी' में कुमुद के प्रेम का अंत होता है :

(क) आत्मोत्सर्ग से

(ख) प्रेमी के मिलन से

(ग) अलीमर्दान की रानी बनने से

(घ) साध्वी बन जाने से

#73558124

16. अनौपचारिक पत्र किसे कहते हैं ?

(क) संबंधियों या मित्रों को लिखे गए पत्र

(ख) सरकारी अधिकारी को लिखे गए पत्र

(ग) विवाह के लिए भेजे गए निमंत्रण-पत्र

(घ) सफलता मिलने पर बधाई-पत्र

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279
#73558124

17. अर्ध-सरकारी पत्र का प्रयोग होता है :

(क) सरकारी अधिकारियों के आपसी पत्र व्यवहार में

(ख) निजी तौर पर लिखे गए आवेदन-पत्र में

(ग) कार्यालय ज्ञापन के रूप में लिखे गए पत्र में

(घ) सरकारी कार्यालय से लिखे गए पत्र में

#73558124

18. निम्नलिखित कथनों में से सही और ग़लत वाक्य चुनकर लिखिए : 1×3=3

(क) कार्यालयों में समिति के माध्यम से तथ्यों की जाँच-पड़ताल करके प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाता है।

(ख) प्रतिवेदन की प्रामाणिकता दिए गए साक्ष्यों तथा तथ्यों पर ही निर्भर करती है।

(ग) प्रतिवेदन के द्वारा मामले की सच्चाई तक पहुँचने का प्रयास नहीं किया जाता है।

**19.** कविता आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए : *1×5=5*

(क) रामधारी सिंह दिनकर ने देशवासियों को योगी के स्थान पर क्या बनने का संदेश दिया है ?

(ख) 'परशुराम के संदेश' कविता में कायरों के क्या काम बताए गए हैं ?

(ग) 'मौन मधु हो जाय' – यह पंक्ति किस कविता से ली गई है ?

(घ) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता में निराला ने किस छंद का प्रयोग किया है ?

(ङ) 'मौन' कविता के आधार पर लिखिए कि निर्द्वन्द्व होना किसे कहते हैं ।

**20.** निम्नलिखित अनुच्छेद से दिए गए प्रश्नों के उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *1×6=6*

अजीब उलझन थी, पर समाधान क्या था ? मैं दोनों को देख रहा था, देखता रहा और तब मेरे मन में आया कि जो परिस्थितियों के अनुसार हिलता झुकता नहीं वह वीर नहीं, जड़ है क्योंकि हिलना और झुकना ही जीवन का चिह्न है ।

(i) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(क) एक था पेड़, एक था ठूँठ (ख) दो कलाकार

(ग) कुटज (घ) अनुराधा

(ii) इस पाठ के लेखक हैं :

(क) राजेंद्र यादव (ख) हरिशंकर परसाई

(ग) हजारीप्रसाद द्विवेदी (घ) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(iii) 'समाधान' शब्द का सही अर्थ क्या है ?

(क) संकट (ख) घुलना

(ग) परिणाम (घ) हल

(iv) इस अनुच्छेद का मुख्य संदेश है :

(क) मनमानी करना (ख) परिस्थितियों के विपरीत चलना

(ग) परिस्थितियों के अनुसार चलना (घ) हिलते रहना पर झुकना नहीं

(v) वीर शब्द का उपयुक्त अर्थ है :

(क) वीरता (ख) जीवन्त

(ग) कायर (घ) कर्मठ

(vi) यह गद्यांश निम्नलिखित में से किसके अन्तर्गत है ?

(क) प्रश्नोत्तर शैली (ख) हास्य लेख

(ग) ललित निबंध (घ) उपदेशात्मक लेख

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

**21.** निम्नलिखित व्याकरण संबंधी प्रश्नों में से किन्हीं *दस* के उपयुक्त उत्तर लिखिए : 1×10=10

(i) 'नवोदय' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।

(ii) 'जो सबके लिए आवश्यक हो' – इस वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए।

(iii) 'कृपया कृपा करके लाइन में आइए' – इस वाक्य का शुद्ध रूप लिखिए।

(iv) 'घर से बालक गया' – इस वाक्य में कारक बताइए।

(v) 'सिर पर कफ़न बाँधना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ लिखिए।

(vi) 'दुर्' उपसर्ग से एक शब्द बनाइए।

(vii) 'पानी' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(viii) 'यथासंभव' शब्द में कौन-सा समास है ?

(ix) 'अनुकरणीय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है ?

(x) 'गरजने वाले बरसते नहीं' – रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद बताइए।

(xi) 'चार राहों का समूह' वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए।

**22.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+1=4

सघन कुंज-छाया सुखद, सीतल सुरभि समीर।
मनु है जात अजौं वहै, वा जमुना के तीर॥

(क) इस कविता के कवि और कालखंड का नाम लिखिए।

(ख) इस कविता का मूल संदेश क्या है ?

(ग) 'सीतल सुरभि समीर' में कौन-सा अलंकार है ?

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

**23.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2+2=4

(क) गोपी ने कृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा दी है ?

(ख) 'कठपुतली' कविता में कठपुतली किसका प्रतीक है ? लोग कठपुतली क्यों बन जाते हैं ?

**24.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+2=5

"एक युवक पीपल पर चढ़ गया और देवताओं के झण्डे फाड़कर फेंक दिए। दोनों तरफ से पथराव हो रहा था। दोनों तरफ से गाली-गलौज हो रही थी।"

(क) यह अंश किस पाठ से लिया गया है और इसके लेखक कौन हैं ?

(ख) गद्यांश का संदेश क्या है ?

(ग) अपने जीवन की किसी स्मरणीय घटना का उल्लेख कीजिए।

**25.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **80** शब्दों में दीजिए : *3+3=6*

(क) (i) 'दो कलाकार' कहानी के आधार पर कहानी के छह तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

(ii) 'दो कलाकार' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) (i) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए कि नई पीढ़ी और पुरानी पीढ़ी के बीच संघर्ष क्यों चलता रहता है।

**अथवा**

(ii) कुटज की उन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए जिनसे लेखक ने मानवमात्र को सुखपूर्ण आदर्श जीवन जीने की बात कही है।

**26.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1×4=4*

प्राणिमात्र का यह प्रकृति प्रदत्त गुण है कि वह अपनी सफलताओं पर हर्ष एवं असफलताओं पर शोक प्रकट करता है। स्वभावत: सामाजिक प्राणी होने के कारण मनुष्य अपने हर्षोल्लास को औरों के साथ बाँटने के लिए तत्पर हो उठता है तथा उत्सवों, समारोहों के आयोजन करता है। दैनिक जीवन की चिंताओं और श्रम से थका हुआ समाज ऐसे क्षणों का सहर्ष स्वागत करता है। अब मनुष्य के वैयक्तिक अथवा सामूहिक उपक्रम समस्त जाति के हितार्थ महत्त्वपूर्ण अवदान सिद्ध होते हैं। तब वे आयोजन सार्वजनिक महोत्सवों तथा त्योहारों का रूप ले लेते हैं। मानव जीवन के ऐसे ही अविनाशी क्षण पर्व अथवा त्योहार बन जाते हैं।

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

(क) प्राणियों का प्रकृति प्रदत्त गुण क्या है ?

(ख) मनुष्य अपनी खुशी और दुख दूसरों के साथ क्यों बाँटता है ?

(ग) दुख-शोक, प्रसन्नता बाँटने का माध्यम क्या है ?

(घ) पर्व या त्योहार से हमें क्या-क्या लाभ हैं ?

**27.** 'परीक्षा भवन की ओर जाते समय जब आपकी साइकिल खराब हो गई' इस विषय पर **40 – 50** शब्दों में अपने विचार अभिव्यक्त कीजिए। *2*

**28.** निम्नलिखित में से किसी **एक** का भाव पल्लवन कीजिए : *3*

(क) संगति से गुण और दोष होते हैं।

(ख) जैसा नाम वैसा गुण।

**29.** (क) प्रतिवेदन और प्रारूपण में क्या अंतर है ? स्पष्ट कीजिए। 4

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित गद्यांश का एक-तिहाई शब्दों में सार लिखिए तथा उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए :

जन्म-भूमि किसे प्यारी नहीं लगती। कहा भी गया है जन्म-भूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। मनुष्य जहाँ जन्म लेता है, वहाँ की धूली में खेलकर बड़ा होता है, वहाँ के सभी लोग उसके जाने-पहचाने हो जाते हैं। सभी की भाषा और रहन-सहन समान होने के कारण वहाँ के लोगों से उसकी ममता का होना स्वाभाविक है। मनुष्य चाहे कितने भी अच्छे स्थान पर रहता हो लेकिन उसका मन अपनी जन्म-भूमि की ओर आने को उत्सुक रहता है। जिस देश में हमने जन्म लिया है उसके अन्न, जल और वायु से हमारा पालन हुआ है, उसके प्रति प्रेम की भावना रखना हमारा कर्तव्य है। देश की अवनति में हमारी अवनति होगी, उससे न तो हम संपन्न रह सकते हैं और न हमारा मान हो सकता है। देश के प्रति प्रेम की भावना प्रत्येक देशवासी को रखनी चाहिए।

**30.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए : 8

(क) महानगरों में बढ़ती आबादी

(ख) शारीरिक श्रम और स्वास्थ्य

(ग) पुस्तकें पढ़ने की रुचि में कमी

(घ) परोपकार

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279
#73558124

**31.** एक विद्यालय के विज्ञान विषय में प्राप्तांक विवरण के साथ विद्यार्थियों का निम्नलिखित ग्रेड विभाजन किया जा रहा है। इसे पाई चार्ट द्वारा प्रदर्शित कीजिए। 4

(क) 38%

(ख) 32%

(ग) 15%

(घ) 10%

(ङ) 8%

(च) 7%

(छ) 5%

(ज) 5%

(झ) 5%

## भाग – 2

### वैकल्पिक – क

### (सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी)

*सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :*

**32.** सूचना प्रौद्योगिकी के लाभ में नहीं है : *1*

(क) शिक्षा का प्रसार (ख) मनोरंजन

(ग) समाचारों की दिलचस्पी (घ) राजनीतिक जागरूकता में कमी

**33.** संचार माध्यमों का उद्देश्य नहीं है : *1*

(क) सूचना पहुँचाना (ख) मनोविनोद करना

(ग) शिक्षा देना (घ) कृषि यंत्र बनाना

**34.** निम्नलिखित में सत्य कथन नहीं है : *1*

(क) अख़बार लोकतंत्र का चौथा खंभा हैं। (ख) अख़बार लोकतंत्र की रक्षा करते हैं।

(ग) अख़बार अधिकारों के प्रति सजग करते हैं। (घ) अख़बार कर्तव्यों से विमुख करते हैं।

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

**35.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए : *1×3=3*

(क) संचार माध्यमों में सबसे तेज संचार माध्यम कौन-सा है ?

(ख) कंप्यूटर के आने से समाचार माध्यमों को मिली कोई दो सुविधाएँ बताइए।

(ग) समाचारों के संकलन में किनकी सहायता ली जाती है ?

**36.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए : *1×3=3*

(क) परिचर्चा किसे कहते हैं ? इसका प्रसारण कहाँ से होता है ?

(ख) संपादकीय क्या है ?

(ग) फ़ीचर किसे कहते हैं ?

**37.** विज्ञापन क्या है ? इसके प्रकाशन से क्या लाभ हैं ? *3*

**38.** 'अनुवाद से संचार माध्यमों की भाषा दुरुह और बोझिल हो जाती है।' – इससे कैसे बचा जा सकता है ? *3*

## वैकल्पिक – ख
## (विज्ञान की भाषा – हिंदी)

*सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :*

**32.** निम्नलिखित में अंधविश्वास नहीं है : *1*

(क) बिल्ली का रास्ता काट जाना

(ख) भूतप्रेत की बात करना

(ग) साँप काटे का तंत्र-मंत्र से जहर उतारना

(घ) जलते दीपक को मुँह से बुझाना

**33.** दिल्ली के कुतुबमीनार परिसर में स्थित लौह स्तंभ की क्या विशेषता है ? *1*

(क) जंग नहीं लगता

(ख) अत्यंत प्राचीन है

(ग) 1700 साल पहले का है

(घ) वास्तुकला उत्कृष्ट है

**34.** वैदिक काल में भारतीय ________ तक गिन सकते थे । *1*

(क) $10^8$

(ख) $10^{12}$

(ग) $10^{14}$

(घ) $10^4$

**35.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए : *1×3=3*

(क) भारतीय खगोल विज्ञान में ब्रह्मगुप्त का कार्यकाल किस शताब्दी में माना जाता है ?

(ख) 'करण कुतूहल' ग्रंथ की रचना किसने की ?

(ग) शुल्ब सूत्र से किस विषय का ज्ञान मिलता है ?

**36.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए : *1×3=3*

(क) भारतीय चिकित्सा विज्ञान के बारे में सबसे पहला प्रमाण कहाँ मिलता है ?

(ख) राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला की स्थापना कब और कहाँ हुई ?

(ग) परमाणु ऊर्जा का उपयोग भारत में किस क्षेत्र में किया जा रहा है ?

**37.** ब्रह्मांडीय तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) बढ़ने के क्या कारण हैं ? इसके बढ़ने से क्या आशंका की जा रही है ? *3*

**38.** कंप्यूटर क्या है ? इसकी उपयोगिता बताइए । *3*

---

#7358124
UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279